## आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा ने थाना पनवाडी/कुलपहाड में अभिलेखों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश...।

आज दिनांक 02.04.2021 को जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रुप से ब्लॉक पनवाड़ी मत पत्र बिक्री केंद्र पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, तदोपरान्त थाना पनवाडी व थाना कुलपहाड का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया जिसके क्रम में जनपद महोबा में होने वाले आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में आपराधिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही को दृष्टिगत रखते हुये थाना अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया गया एवं पंचायत चुनाव में कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पनवाडी/कुलपहाड निरीक्षण के दौरान प्रमुख रुप से चुनाव रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया गया तदोपरान्त पूंछा गया कि हिस्ट्रीशीटरों/अवैध शराब व शस्त्र के विरुद्ध का विवरण एवं कितने अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी है आदि की जानकारी लेते हुये स्पष्ट रुप से कहा गया कि क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था से खिलवाड बरदाश्त नहीं होगा, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कर अधिक से अधिक मुचलके पर पाबंद किये जाने सम्बन्धी कडे निर्देश **SHO** पनवाडी/कुलपहाड को दिये गये।

इस दौरान **SDM/CO** कुलपहाड, **SHO** पनवाडी/कुलपहाड, चुनाव मुंशी व अन्य अधि0/कर्म0 मौजूद रहे।









# महोबा पुलिस

दिनांकः- 02.04.2021

सोशल मीडिया सेल

## थाना पनवाडी पुलिस टीम ने अवैध 02 किलो 250 ग्राम गांजा सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार....।

जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध शराब/नशीले पदार्थों की बिक्री एवं अपराधिक घटनाओं पर पूर्णतः अंकुश लगाने के क्रम में अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण पर निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक 02.04.2021 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राजकुमार पाण्डेय के सफल पर्यवेक्षण में **SHO** पनवाडी श्री विनोद कुमार द्वारा गठित टीम ने अभियान में शामिल होकर अभियुक्त पप्पू अहिरवार पुत्र दुलीचन्द अहिरवार को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक बण्डल मे 02 किलो 250 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय में मु.अ.सं. 63/2021 धारा 8/20 **NDPS ACT** का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

1. उ.नि. कमलेश कुमार थाना पनवाड़ी महोबा।
2. का0 अभिषेक यादव थाना पनवाड़ी महोबा।
3. का0 जयदीप पटेल थाना पनवाड़ी महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण...।

पप्पू अहिरवार पुत्र दुलीचन्द अहिरवार नि0 नटर्रा थाना पनवाड़ी जिला महोबा

### बरामदगी-

अभियुक्त के कब्जे से एक बण्डल मे 02 किलो 250 ग्राम नाजायज गांजा बरामद होना।



Mahoba police

दिनांकः- 02.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना कबरई पुलिस टीम ने भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार..

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के .गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने व जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से लगातार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 01.04.2021 को थानाध्यक्ष कबरई श्री दिनेश सिंह द्वारा गठित टीम ने दौराने त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव शान्ति व्यवस्था ड्यूटी पर संदेह के आधार पर एक पिकअप प्राइवेट वाहन नं0 यू0पी0 95 टी 6779 जिसमे गत्ते भरे हुये थे को रोंका गया, **जिसमे 79 गत्तो में अवैध 'BELOX 10" विस्फोटक पदार्थ कुल 1975 कि0ग्रा0 बरामद करते हुये अभियुक्त सगीर पुत्र बसीर निवासी मो0 इन्द्रा नगर कस्बा व थाना कबरई महोबा उम्र 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया**, बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 119/2021 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 व 120 बी भादवि बनाम 1. सगीर पुत्र बसीर निवासी मो0 इन्द्रा नगर कस्बा व थाना कबरई महोबा उम्र 36 वर्ष 2. पट्टा धारक शिव स्टोन वर्क्स ब्रहद ग्राम बरी थाना कोतवाली महोबा 3. मैगजीन मालिक हिमान्शू गुप्ता पुत्र लाल जी गुप्ता नि0 मु0 इन्दिरा नगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा 4. बन्टू उर्फ जमील खां पुत्र शलीम खां नि0 मु0 इन्दिरा नगर कस्वा व थाना कबरई महोबा 5. मुनीम- नीलेश गुप्ता पुत्र अज्ञात नि0 अज्ञात व धारा 384/379/323/504 भादवि वनाम 1. शीपू तिवारी पुत्र अज्ञात नि0 कस्बा कबरई जनपद महोबा 2- अखिलेश द्विवेदी पुत्र अज्ञात नि0 कस्बा कबरई जनपद महोबा, 3. लखन नाई पुत्र अज्ञात निवासी कस्बा कबरई जनपद महोबा 4. एक अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण...

सगीर पुत्र बसीर निवासी मो0 इन्द्रा नगर कस्बा व थाना कबरई महोबा उम्र 36 वर्ष

### गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम...

1. उ0नि0 सुमित नारायण तिवारी
2. कां0 राघवेन्द्र कुमार 3. कां0 शिवम कुमार 4. कां0 हिमान्शू 5. कां0 ज्ञानेन्द्र



Mahoba Police

## "मिशन शक्ति टीम" एवं "एण्टी रोमियो टीम" द्वारा नगर की बालिकाओं/कोचिंग की छात्राओं को सिखाये आत्म-रक्षा के गुर एवं दिये सुरक्षा सम्बन्धी कानूनी जानकारी




आज दिनाँक 02.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति"** महाभियान कार्यक्रम के तहत प्रभारी मिशन शक्ति टीम निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह मय टीम महिला का0 साधना यादव, महिला का0 रेखा देवी के द्वारा नगर कोचिंग जाने वाली छात्राओं एवं **"एण्टी रोमियो टीम"** द्वारा नगर के शापिंग-माल, मुख्य बाजार में जाकर उन्हे सुरक्षा सम्बन्धी कानूनी जानकारी दी गई एवं महिला अपराध में क्या कार्यवाही करनी चाहिए, इन सभी की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया एवं उन्हे हेल्पलाइन नम्बरों- वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 एवं सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।








दिनांक **02/04/2021** पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय द्वारा थाना कबरई पर सभी अधिकारी कर्मचारी गणों को आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए समस्त क्षेत्रवासियों के लाइसेंसी हथियार को अति शीघ्र जमा कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा हिदायत मुनासिब दी गई तथा इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री राजकुमार पाण्डेय द्वारा नामांकन स्थल जैतपुर का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित कर्मचारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

Mahoba Police